तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शुक्रवार 26 सितंबर 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



### भक्ति, संगीत और नृत्य का अनुपम दृश्य

शहर के प्रमुख चौक चौराहों से होकर गुजरते यात्रा ने सभी को आस्था और उत्साह से भर दिया। डीजे और ढोल नगाड़ों की थाप पर श्रद्धालु नृत्य करते हुए यात्रा का आनंद लेते नजर आए।

## नवरात्रि विशेष



### चतुर्थ : कूष्माण्डा

मां दुर्गा अपने चतुर्थ स्वरूप में कूष्माण्डा के नाम से जानी जाती हैं। नवरात्र के चौथे दिन आयु, यश, बल व ऐश्वर्य को प्रदान करने वाली भगवती कूष्माण्डा की उपासना-आराधना का विधान है। अपनी मंद हंसी द्वारा अण्ड अर्थात ब्रह्माण्ड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि का अस्तित्व नहीं था, चारों ओर अंधकार ही अंधकार परिव्याप्त था तब इन्हीं देवी ने अपने ईषत हास्य से ब्रह्माण्ड की रचना की थी। अतः यही सृष्टि की आदि स्वरूपा आदि शक्ति मानी जाती हैं. इनके पूर्व ब्रह्माण्ड का अस्तित्व था ही नहीं. इनकी आठ भुजाएं हैं. अतः ये अष्टभुजा देवी के नाम से विख्यात हैं। इनके सात हाथों में क्रमशः कमण्डल, धनुष बाण, कमल, पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा हैं. आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जपमाला है. इनका वाहन सिंह है। अपनी मंद, हल्की हंसी द्वारा ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के रूप में पूजा जाता है. संस्कृत भाषा में कूष्माण्डा को कुम्हड़ कहते हैं. बलियों में कुम्हड़े की बलि इन्हें सर्वाधिक प्रिय है. इस कारण से भी मां कूष्माण्डा कहलाती हैं.
सर्वप्रथम मां कूष्मांडा की मूर्ति अथवा तस्वीर को चौकी पर दुर्गा यंत्र के साथ स्थापित करें इस यंत्र के नीचे चौकी पर पीला वस्त्र बिछाएं. अपने मनोरथ के लिए मनोकामना गुटिका यंत्र के साथ रखें. दीप प्रज्ज्वलित करें तथा हाथ में पीले पुष्प लेकर मां कूष्मांडा का ध्यान करें.
वन्दे वांछित कामर्थे चन्द्रार्घकृत शेखराम।
सिंहरूढा अष्टभुजा कुष्माण्डा यशस्वनीम्॥

कारोबारी बुधवार की सुबह 9.30 बजे रायपुर जाने की बात कहकर घर से निकला था

# शिवनाथ नदी में मिला दुर्ग के लापता राइस मिलर का शव, हत्या की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

बेमेतरा जिले के देवकर पुलिस चौकी क्षेत्र में, ग्राम परपोड़ा के पास शिवनाथ नदी में एक अधेड़ व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया है। शव की पहचान दुर्ग के 45 वर्षीय राइस मिलर कारोबारी अनिल बंसल के रूप में हुई है, जो पिछले 24 घंटों से लापता थे। स्थानीय मजदूरों ने नदी में तैरता हुआ शव देखा और पुलिस को सूचना दी। देवकर पुलिस चौकी और एसडीआरएफ की टीम ने नाव की मदद से शव को बाहर निकाला। दुर्ग से लापता होने के बाद से ही पुलिस उनकी तलाश कर रही थी। कारोबारी बुधवार की सुबह साढ़े नौ बजे रायपुर जाने की बात कहकर घर से निकले थे, जिसके बाद उनका मोबाइल बंद हो गया था। परिजनों ने उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दुर्ग के मोहन नगर थाने में दर्ज कराई थी। पुलिस को बाद में नंदिनी थाना क्षेत्र के डोमा-पथरिया में उनकी वैगनआर कार लावारिस हालत में मिली थी।

- नदी से निकाला गया शव, जांच जारी




### पुलिस को हत्या की आशंका

शव से आ रही बदबू से यह संकेत मिलता है कि शव कुछ समय से पानी में था। पुलिस को आशंका है कि यह हत्या का मामला हो सकता है, जहां कारोबारी की हत्या कर शव को नदी में फेंक दिया गया। हालांकि, पुलिस आत्महत्या के पहलू की भी जांच कर रही है। फिलहाल, शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है और पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस इस घटना की गुत्थी सुलझाने में जुटी हुई है और जल्द ही मौत के असली कारण का पता लगने की उम्मीद है।

# बारिश में भी नहीं रुकी श्रद्धा व भक्ति की रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

शारदीय नवरात्रि के अवसर पर बुधवार को मां कालिका समिति ने भव्य चुनरी यात्रा का आयोजन किया, जो श्रद्धा और आस्था का अद्भुत मिश्रण बनकर सामने आई। शाम सात बजे मां कालिका मंदिर से शुरू हुई यह यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए माता भद्रकाली मंदिर तक पहुंची।

- 108 फीट लंबी भव्य चुनरी यात्रा ने शहर को किया मंत्रमुग्ध
- मां कालिका समिति का आयोजन

यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, महिलाएं, बुजुर्ग, बच्चे और युवा जयकारों और भक्ति गीतों के बीच शामिल हुए। बारिश के बावजूद श्रद्धालुओं की अटूट भक्ति और उत्साह देखने लायक था। नगरवासियों ने रास्तों पर पुष्प वर्षा कर माता रानी का स्वागत किया।



### माता काली की झांकी रही आकर्षण का केंद्र

यात्रा में 108 फीट लंबी भव्य चुनरी को लेकर निकाली गई झांकी ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। धुमाल बैंड की थाप और भक्ति गीतों पर श्रद्धालु झूमते दिखे। शहर में जगह-जगह माता काली की झांकी देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी।

**शहर के गणमान्य भी हुए शामिल:** इस अवसर पर विधायक दीपेश साहू, जिलाध्यक्ष अजय साहू, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, हर्षवर्धन तिवारी, ललिता साहू, निशा चौबे, अमरीका निर्मलकर, केशव साहू, शिवम साहू, युवराज पटेल सहित कई गणमान्य व्यक्ति यात्रा में शामिल हुए।

### हर साल निकलेगी यात्रा

समिति के अध्यक्ष विजय सिन्हा ने बताया कि यह यात्रा अब हर साल आयोजित की जाएगी। पिछले दो वर्षों से इसमें श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। यात्रा का मुख्य उद्देश्य माता को चुनरी अर्पित कर क्षेत्र में सुख, समृद्धि और शांति की कामना करना है।

# जिला स्वास्थ्य अधिकारी पर मनमानी का आरोप, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज:बेमेतरा

बेरला ब्लॉक के स्वास्थ्य केंद्र इन दिनों सिर्फ मरीजों के लिए ही नहीं, बल्कि विवादों के लिए भी चर्चा में हैं। वरिष्ठ ब्लॉक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जितेंद्र कुमार कुंजाम को अचानक हटाने का आदेश मिलने के बाद ब्लॉक के सभी डॉक्टर, नर्स, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, क्षेत्रीय स्वास्थ्य अधिकारी और अन्य कर्मचारी आक्रोशित हैं।

- बीएमओ डॉ. कुंजाम हटाए गए

कर्मचारियों का कहना है कि डॉ. कुंजाम का व्यवहार इतना मित्रवत और समझदार है कि उनके सामने कोई भी मनमानी करने की सोच भी नहीं सकता। हमने कभी



उनके आदेशों के खिलाफ आवाज नहीं उठाई, और अब अचानक हटाया जाना हमारे लिए झटका जैसा है। सूत्रों के अनुसार, कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि अगर डॉ. कुंजाम को उनके पद पर वापस नहीं रखा गया, तो ब्लॉक के सभी स्वास्थ्य केंद्रों के ▸▸| शेष पेज 13 पर

# मुरता में 24.70 लाख से बने महतारी सदन का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मुरता

ग्राम पंचायत मुरता में मंगलवार को महिलाओं और बच्चों के लिए बनाए गए नए 'महतारी सदन' का लोकार्पण हुआ। इस भवन को बनाने में 24.70 लाख रुपये खर्च हुए हैं। यह सदन अब गाँव में शिक्षा, प्रशिक्षण और सामुदायिक गतिविधियों का नया केंद्र बनेगा।

- गांव में शिक्षा, प्रशिक्षण और सामुदायिक गतिविधियों का बनेगा नया केंद्र

लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य मधु रॉय मौजूद रहीं। उन्होंने कहा कि यह सदन महिलाओं और बच्चों के लिए सामाजिक और शैक्षिक गतिविधियों का एक महत्वपूर्ण केंद्र साबित होगा। उन्होंने सभी ग्रामीणों से इसका सही उपयोग करने और इसे साफ-सुथरा रखने की अपील भी की। नवागढ़ जनपद पंचायत के अध्यक्ष खोरबाहरा साहू ने कहा कि हमारा लक्ष्य हर गांव में ऐसी उपयोगी संरचनाएं बनाना है ताकि लोगों का जीवन स्तर सुधर सके। उन्होंने बताया कि यह सदन महिलाओं और बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य और प्रशिक्षण के अवसर प्रदान करेगा।



### लोगों ने की भवन की सराहना

सरपंच बुधारु दास गेंदले ने कहा कि गांव वालों की यह मांग लंबे समय से थी, जो आज पूरी हो गई है। उन्होंने कहा कि यह भवन न सिर्फ शिक्षा और प्रशिक्षण का केंद्र होगा, बल्कि सामाजिक एकता को भी बढ़ावा देगा। ग्रामीण इस नए भवन की गुणवत्ता की सराहना कर रहे हैं और उनका मानना है कि यह बच्चों के खेलकूद और महिला स्व-सहायता समूहों के लिए एक बेहतर जगह साबित होगा। इस कार्यक्रम में पंचायत समिति के सदस्य, स्थानीय लोग और सामाजिक कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप

### कवर्धा सहित अंचल में झमाझम हो रही बारिश

**कवर्धा।** कवर्धा सहित अंचल में बीते दो दिनो से झमाझम बारिश देखने को मिल रही है। कवर्धा की बात की जाए तो यहां गुरूवार की सुबह भी झमाझम बारिश हुई वहीं देरशाम भी बादलों ने अचानक बरसना शुरू कर दिया। इसी प्रकार जिले के पहाड़ी और वनांचलों में इन दिनो झमाझम बारिश होने की जानकारी मिल रही है। जिसके कारण कई नदी नाले उफान मार रहे हैं। वहीं स्थानीय नदी नालों में जल स्तर बढ़ने से कुछ मार्ग भी आंशिक रूप से प्रभावित हुए हैं।

# उपमुख्यमंत्री सहित भाजपा पदाधिकारी पहुंचे व्यापारियों के बीच, जीएसटी बचत की सभी ने की सराहना

- जीएसटी बचत उत्सव में आमजन और व्यापारियों ने साझा किए अनुभव

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लागू किए गए जीएसटी रिफॉर्म 2.0 का असर अब सीधे आम जनता और व्यापार जगत पर दिखाई देने लगा है। वस्तुओं की कीमतों में कमी, कारोबार में सहजता और पारदर्शिता ने हर वर्ग को लाभान्वित किया है। इसी क्रम में जिला भाजपा द्वारा आज कवर्धा में जीएसटी बचत उत्सव का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता स्थानीय बाजार में पहुंचे और प्रतिष्ठित व्यापारिक प्रतिष्ठानों में जाकर ग्राहकों व व्यापारियों से संवाद किया। कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष राजेन्द्र चंद्रवंशी, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, भाजपा जिला महामंत्री संतोष पटेल, जिला भाजपा उपाध्यक्ष जसविंदर बग्गा, मंडल अध्यक्ष श्रीमती सतविंदर पाहुजा, राजेंद्र सलूजा और सुनील दोषी श्रीकांत उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

सभी व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर व्यापारी बंधुओं का गुलाब फूल देकर स्वागत और सम्मान किया गया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना केवल कर सुधार करना नहीं है, बल्कि जनजीवन में सीधा बदलाव लाना है।

जीएसटी रिफॉर्म्स ने आज हर घर को राहत दी है। यह बदलाव सिर्फ कागज पर नहीं, बल्कि लोगों की थाली में और दुकानों की रैक पर दिख रहा है।



### जिला अध्यक्ष ने बताई उपलब्धियां

जिला भाजपा अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी ने कहा श्री मोदी के नेतृत्व में लागू किए गए जीएसटी सुधारों से कर प्रणाली सरल और पारदर्शी हुई है। व्यापारियों के लिए प्रक्रियाएं आसान हुई हैं और जनता को अब सस्ते दामों पर आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध हो रही हैं। यह सुधार देश की अर्थव्यवस्था को नई मजबूती दे रहे हैं।

### व्यापारियों और ग्राहकों की राय

कार्यक्रम के दौरान व्यापारियों ने खुलकर अपनी राय रखी। उनका कहना था कि जीएसटी दरों में कटौती से वस्तुओं की कीमतों में स्पष्ट कमी आई है। अब ग्राहकों को दवाइयां, इलेक्ट्रॉनिक सामान, कपड़े और स्टेशनरी जैसी दैनिक उपयोग की वस्तुएं पहले की तुलना में सस्ते दामों पर मिल रही हैं। ग्राहकों ने बताया कि जीएसटी बचत उत्सव ने उन्हें यह समझने का अवसर दिया कि कैसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सुधार सीधे उनकी जिंदगी को प्रभावित कर रहे हैं। लोगों ने इस पहल को आमजन और व्यापारी-हितैषी कदम बताया।

**प्रमुख प्रतिष्ठानों में लोगों से किया गया संवाद**

श्री मेडिकल, जनपद कॉम्पलेक्स के पास कवर्धा, मां दंतेश्वरी फोटो कपियर्स एंड स्टेशनरी मार्ट, बस स्टैंड कवर्धा, बग्गा जनरल स्टोर्स, कवर्धा, मुटरेजा रेडियो टाइम, कवर्धा (इलेक्ट्रॉनिक दुकान), इंडियन रेडीमेड कपड़ा दुकान, मेन मार्केट कवर्धा इन सभी प्रतिष्ठानों में भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जाकर ग्राहकों व व्यापारियों से संवाद किया और मोदी सरकार के जीएसटी रिफॉर्म 2.0 से हुए बदलाव की जानकारी साझा की। भाजपा पदाधिकारियों ने कहा कि व्यापार देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और मोदी सरकार द्वारा किए गए सुधारों ने इस रीढ़ को और मजबूत किया है।

**प्रदर्शन:** एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर जिला कार्यालय का किया घेराव, सौंपा ज्ञापन

# गैंग रेप पीड़िता के लिए इंसाफ मांगने सड़क में उतरे आदिवासी

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

बीते मंगलवार को जिला मुख्यालय कवर्धा में एक आदिवासी युवति के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आने और इस इस घटना में संलिप्त आरोपियों की घटना के दो दिन बाद भी गिरफ्तारी नहीं होने को लेकर आदिवासी समाज के लोगों में खासी नाराजगी व आक्रोश देखने को मिल रहा है। इस बेहद गंभीर मामले को लेकर गुरूवार को आदिवासी समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में जिला मुख्यालय कवर्धा पहुंचकर समाज की सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता को इंसाफ देने तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करते हुए उन्हें फांसी की सजा दिए जाने की मांग को लेकर न सिर्फ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया बल्कि जिला कार्यालय का घेराव कर अपनी मांगो से संबंधित ज्ञापन भी प्रशासन को सौंपा। उल्लेखनीय है कि बीते मंगलवार को आदिवासी समाज की एक युवति उस समय सामुहिक दुष्कर्म का शिकार हो गई थी जब वह जिला मुख्यालय कवर्धा में ही अपने एक साथी के साथ उसके घर पर ठहरी हुई थी। पीड़िता के मुताबिक इसी दौरान उसका अपने साथी के साथ विवाद हो गया। इसके बाद युवती अकेली घर से बाहर निकल आई, कुछ देर बाद उसका साथी भी वहां आ गया। इसी बीच युवक के जान-पहचान के कुछ लोग वहां पहुंचे और युवती और उसके साथी को अपने साथ ले गए। पीड़िता का आरोप है कि इसी दौरान उन्होने उसके साथ सामुहिक दुष्कर्म किया, जिसकी रपट पीड़िता द्वारा थाना में दर्ज कराई गई। बुधवार को यह घटना सार्वजनिक हो गई। आरोप है कि पुलिस प्रशासन घटना के दो दिन बाद भी दुष्कर्म के आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। जिसे देखते हुए ऐसा लगता है कि पुलिस जानबूझकर आरोपियों को बचाने का प्रयास कर रही है। इसी मामले को लेकर गुरूवार को आदिवासी समाज ने शासन-प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया और बड़ी संख्या में समाज की महिला, पुरूष, युवा, युवतियों तथा बुजुर्गो ने कवर्धा पहुंचकर समाज की पीड़िता को इंसाफ दिलाने तथा दोषियों को तत्काल गिरफ्तार कर उन्हे फांसी की सजा दिलाए जाने की मांग को लेकर एक दिवसीय धरना दिया। धरना प्रदर्शन के दौरान समाज के प्रमुखों ने आदिवासी बहु-बेटियों की सुरिक्षा को लेकर शासन-प्रशासन पर कई गंभीर आरोप भी लगाए। धरना प्रदर्शन के बाद समाज के लोगों ने हांथों में अपनी मांगों से संबंधित बैनर, पोस्टर लेकर विशाल रैली निकाली और नारेबाजी करते हुए प्रमुख मार्गो में भ्रमण कर अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन प्रशासन को सौंपा।

### घटना के दूसरे दिन भी आरोपियों का अतापता नहीं



कहने को जिला पुलिस प्रशासन के पास इस तरह के मामलों का सुलझाने और संबंधित अपराधियों तक पहुंचने के लिए तमाम संसाधन मौजूद हैं। हाल ही में जिला पुलिस प्रशासन को करोड़ों रूपए के शासकीय वाहन से लेकिन आधुनिक लैब की सौगात दी गई है। ताकि आपराधिक मामलों का तीव्रता से निराकरण हो सके और पीड़ितों को न्याय मिल सके। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि सामूहिक दुष्कर्म जैसे बेहद गंभीर मामले में भी पुलिस घटना के दो दिन बाद भी उन लोगों तक नहीं पहुंच पाई है जिन पर युवती द्वारा सामूहिक दुष्कर्म का आरोप लगाया गया है।

### आरोपियों की तलाश जारी

दूसरी तरफ पुलिस सूत्रों मुताबिक आरोपियों की लगातार तलाश की जा रही है। जानकारी के मुताबिक पुलिस प्रशासन घटना की जानकारी सामने आने के बाद से अब तक करीब साढ़े सात हजार मोबाईल नम्बर ट्रेस कर चुकी है वहीं करीब 250 सीसी टीबी कैमरे खंगाले जा चुके हैं साथ करीब दो सौ लोगों से पूछताछ की जा चुकी है।

# छीरपानी जलाशय में ओवरफ्लो फंसे चार ग्रामीणों को बचाया गया

## भोंदा गांव के पास बाढ़ में पुल क्षतिग्रस्त, राहत शिविरों में ठहराए गए लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कबीरधाम जिले के मैकल पर्वतीय क्षेत्रो में बीती रात हुई मूसलाधार बारिश से बाढ़ जैसे हालात निर्मित हो गए। जिले का महत्वपूर्ण क्षीरपानी जलाशय जलभराव की अधिकतम क्षमता पर पहुंच गया और ओवरफ्लो की स्थिति बन गई। इसी दौरान देर रात घूमने गए चार ग्रामीण जलाशय के गहरे पानी में फंस गए। दूसरी ओर तारेगांव जंगल मार्ग पर ग्राम भोंदा के समीप पुल बाढ़ के तेज बहाव से क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे आसपास के कई गांवों का संपर्क बाधित हो गया और ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ गईं। स्थिति की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने तत्काल जिला बाढ़ कंट्रोल कक्ष को सूचित किया। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने गंभीरता से संज्ञान लेते हुए जिला बाढ़ आपदा एवं प्रबंधन टीम में शामिल नगर सेना एवं एनडीआरएफ की संयुक्त टीम को तत्काल रवाना किया। टीम में नगर सेनानी, एनडीआरएफ के विशेषज्ञ जवान, जिला प्रशासन के अधिकारी तथा विभिन्न विभागों की रैपिड एक्शन टीमें शामिल थीं। सुबह 10 बजे संयुक्त दल घटनास्थल क्षीरपानी पहुंचा और राहत-बचाव अभियान प्रारंभ किया। एनडीआरएफ की ओर से नियुक्त आब्जर्वर एवं सेनानी सत्रहवीं वाहनी कमलेश्वर प्रसाद चंदेल, प्रभारी आपदा प्रबंधन एवं भू-अभिलेख डिप्टी कलेक्टर आरबी देवांगन, मॉकड्रिल की नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर सुश्री रुचि शार्दूल, बोड़ला एडीएम सागर सिंह, तहसीलदार सुश्री राजश्री पाण्डेय सहित स्वास्थ्य, खाद्य, वन, परिवहन, पशुधन और विद्युत विभाग के अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। कलेक्टर वर्मा ने स्वयं मौके पर पहुंचकर राहत कार्यों की मॉनिटरिंग की और अधिकारियों को त्वरित एवं समन्वित कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जिले के पहाड़ी क्षेत्रों में हुई लगातार बारिश के कारण छीरपानी जलाशय का जलस्तर बढ़ गया था, जिससे 4 ग्रामीण फँस गए थे। वहीं ग्राम भोंदा के क्षतिग्रस्त पुल के उस पार कई ग्रामीण अलग-थलग हो गए थे। सूचना मिलते ही जिला प्रशासन और आपदा प्रबंधन दल सक्रिय हुए और सभी ग्रामीणों को सुरक्षित निकाल लिया गया। राहत शिविरों में प्रभावित ग्रामीणों को ठहराने की व्यवस्था की गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जल से बाहर निकाले गए चारों ग्रामीणों का प्राथमिक उपचार किया और बेहतर इलाज के लिए उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रवाना किया। इसके अलावा बाढ़ प्रभावित परिवारों को राशन एवं आवश्यक खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई गई। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि जिले में अचानक आई इस स्थिति से निपटने के लिए की गई पूरी कार्यवाही एक सफल मॉकड्रिल साबित हुई है। इस मॉकड्रिल ने यह साबित किया कि आपदा जैसी किसी भी आकस्मिक परिस्थिति से निपटने के लिए जिला प्रशासन और सभी विभागीय टीमें पूर्णतः सक्षम और तैयार हैं। उन्होंने संयुक्त दलों द्वारा दिखाए गए साहस और समन्वय की सराहना की।



# स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत छिरहा में कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

भारत सरकार के स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत मनाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के तहत शासकीय हाई स्कूल छिरहा में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत शिक्षकों और विद्यार्थियों ने मिलकर श्रमदान करते हुए स्कूल परिसर तथा आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई किया। श्रमदान के बाद सभी ने स्वच्छता बनाए रखने की शपथ लिया। संस्था के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने इस अवसर पर कहा कि स्वच्छता पखवाड़ा एक राष्ट्रव्यापी पहल है जिसका मुख्य उद्देश्य समाज के सभी वर्गों में स्वच्छता, स्वास्थ्य और पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी, व्याख्याता कल्पना मरावी, रंजीता माहेश्वरी, वीणाक्षी नामदेव सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### एटीएल में विद्यार्थी सीख रहे नवाचार



**बोड़ला।** पीएम श्री सेजेस बोड़ला में विद्यार्थियों के लिए विज्ञान एवं तकनीक आधारित नवाचार कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यशाला पिछले 6 दिनों से प्राचार्य अश्वनी सोनी एवं प्रभारी रवि वर्मा के मार्गदर्शन में संचालित हो रही है। इस कार्यशाला का संचालन अटल टिंकरिंग लैब के अंतर्गत किया जा रहा है, जो भारत सरकार के अटल नवाचार मिशन की महत्वाकांक्षी पहल है। एटीएल का उद्देश्य देशभर के छात्रों में वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता और समस्या-समाधान की क्षमता को विकसित करना है। बोड़ला एवं आसपास के विद्यार्थी अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं के समाधान हेतु नवाचार आधारित प्रोजेक्ट्स तैयार कर रहे हैं। इनमें पावर ट्रांसमिशन मॉडल, स्मार्ट व्हीलचेयर, काउंटिंग एवं इलेक्ट्रिसिटी सेविंग डिवाइस, जेबरा क्रॉसिंग रोड सेफ्टी सिस्टम, दुर्घटना नियंत्रक जीपीएस तकनीक तथा काउंटिंग और अलर्ट सिस्टम जैसे प्रोजेक्ट शामिल हैं। प्राचार्य ने बताया कि एटीएल में विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, थ्री डी प्रिंटिंग और इंटरनेट ऑफ थिंग्स जैसी आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रयोगशाला में उपलब्ध इलेक्ट्रॉनिक किट्स, सर्किट बोर्ड, सेंसर और माइक्रोकंट्रोलर से छात्र स्वयं प्रयोग कर अपने नए विचारों को साकार कर रहे हैं। एटीएल का उद्देश्य युवाओं में जिज्ञासा को प्रोत्साहित करना, उद्यमशीलता को बढ़ावा देना और भविष्य के लिए तैयार करना है। इस पहल से मेड इन इंडिया और डिजिटल इंडिया जैसे राष्ट्रीय अभियानों को भी नई गति मिल रही है।

# एक ही दिन में गर्मी, बारिश और ठंड, सेहत पर पड़ रहा असर

## दिन में कई बार गिरिगट की तरह रंग बदल रहा अंचल का मौसम



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

इन दिनों कवर्धा सहित पूरे अंचल का मौसम कुछ अलग ही रंग दिखा रहा है। एक ही दिन में लोगों को तीनों ऋतुओं का अहसास हो रहा है। सुबह कभी तेज धूप तो कभी बारिश, दोपहर में कभी अचानक बारिश तो तेज धूप और रात में हल्की ठंड। मौसम का यह बदला-बदला मिजाज लोगों को जहां एक ओर अचरज में डाल रहा है, वहीं इसका असर सेहत पर भी साफ नजर आ रहा है। दिन की शुरुआत जहां तेज धूप और उमस के बीच बारिश के साथ होती है, वहीं दोपहर होते-होते अचानक बादल घिर आते हैं और झमाझम बारिश शुरू हो जाती है। बारिश के बाद मौसम में ठंडक आ जाती है और रात में तापमान गिरने लगता है, जिससे लोगों को हल्की सर्दी का अनुभव होता है। यह सब कुछ एक ही दिन में हो रहा है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। चिकित्सकों का कहना है कि ऐसे मौसम में विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। सुबह और रात के समय हल्के गर्म कपड़े पहनने की सलाह दी जा रही है। भीगने से बचें और घर आने के बाद साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। इसके अलावा संतुलित आहार और पर्याप्त नींद लेना भी जरूरी है, ताकि शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बनी रहे। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में भी ऐसे ही उतार-चढ़ाव वाले मौसम की चेतावनी दी है। लिहाजा, जरूरी है कि लोग सजग रहें और स्वास्थ्य संबंधी लक्षणों को नजरअंदाज न करें।

### खेती के लिए फायदेमंद

मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि यह मौसमी उतार-चढ़ाव मानसून के अंतिम दौर की विशेषता है। खेती किसानी के लिहाज से यह मौसम लाभकारी माना जा रहा है। समय-समय पर हो रही बारिश से खेतों में नमी बनी हुई है और फसलों को इससे लाभ मिल रहा है। किसान भी इस मौसम से संतुष्ट नजर आ रहे हैं। हालांकि, मौसम के इस बदलते रूप का लोगों की सेहत पर विपरीत असर पड़ रहा है। अस्पतालों और निजी क्लीनिकों में सर्दी, खांसी, बुखार, गले में खराश और बदन दर्द जैसी शिकायतों के साथ मरीजों की संख्या बढ़ रही है। डॉक्टरों का कहना है कि मौसम में अचानक हो रहे बदलाव के कारण शरीर की प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो रही है, जिससे वायरल संक्रमण तेजी से फैल रहा है।

**बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं सरकार की पहली प्राथमिकता: उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा**

# उपमुख्यमंत्री ने आधुनिक सोनोग्राफी मशीन का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭बोड़ला

कबीरधाम जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाते हुए स्वास्थ्य सुविधाओं का व्यापक विस्तार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार द्वारा जिले के शहरी और दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के उद्देश्य से लगातार कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोड़ला में आधुनिक सोनोग्राफी मशीन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सांसद संतोष पाण्डेय विशेष रूप से उपस्थित रहे। सोनोग्राफी मशीन के शुभारंभ होने से न केवल बोड़ला विकासखंड बल्कि आसपास के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को स्थानीय स्तर पर जांच की सुविधा प्राप्त होगी। इससे उन्हें जिला मुख्यालय या अन्य स्थानों पर जाने की आवश्यकता नहीं होगी, जिससे समय और संसाधनों की बचत होगी। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विदेशीराम, नितेश अग्रवाल, मनीराम साहू सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं का सुदृढ़ीकरण हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों में उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराना हमारी सरकार का मुख्य लक्ष्य है। बोड़ला जैसे अंचलों में अत्याधुनिक जांच सुविधाएँ उपलब्ध होने से आमजन को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। बोड़ला विकासखंड में सोनोग्राफी मशीन के शुभारंभ से 123 ग्राम पंचायतों और 317 गांवों में रहने वाले लगभग 2 लाख 11 हजार 35 नागरिकों को लाभ मिलेगा। इसमें 6717 बैगा परिवार भी शामिल हैं, जिनकी कुल आबादी 29,586 है। क्षेत्र में 512 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हो रही हैं और 535 मितानीन सेवाएँ दे रही है। बोड़ला विकासखंड में 6 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और 3 उप स्वास्थ्य केंद्र संचालित हैं, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं का दायरा और बढ़ेगा। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा रक्तदान शिविर में भी शामिल हुए। उन्होंने स्वयं रक्तदाताओं से मुलाकात कर उन्हें प्रोत्साहित किया और कहा कि रक्तदान महादान है। एक यूनिट रक्त कई जिंदगियाँ बचाने में सहायक होता है। उन्होंने युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करने का आह्वान किया। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से लेकर मेडिकल कॉलेजों तक अधोसंरचना को मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में कबीरधाम जिला स्वास्थ्य सुविधाओं के मामले में एक आदर्श मॉडल के रूप में विकसित होगा।



# रासेयो ने मनाया स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭बोड़ला

शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय, बोड़ला में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस का आयोजन बड़े ही उत्साह और सामाजिक उत्तरदायित्व के साथ किया गया। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में महाविद्यालय परिवार एवं स्वयं सेवकों द्वारा कई सामाजिक एवं सेवा-उन्मुख गतिविधियां संपन्न की गईं। कार्यक्रम की शुरुआत स्वच्छता जागरूकता रैली से हुई, जिसमें स्वयं सेवकों ने महाविद्यालय परिसर से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोड़ला तक स्वच्छता का संदेश दिया। परंपरा को आगे बढ़ाते हुए, स्वयं सेवकों ने चिकित्सालय में भर्ती मरीजों को फल एवं बिस्कुट का वितरण कर सेवा भावना का परिचय दिया। इसके पश्चात नगर के मुख्य मार्गों, शासकीय भवनों, पुलिस थाना एवं बाजार क्षेत्र में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में लगभग 25 किलो पॉलिथीन एवं कचरा एकत्रित किया गया और आम नागरिकों से नगर को स्वच्छ बनाए रखने की अपील की गई। कार्यक्रम के तीसरे चरण में महाविद्यालय के लगभग 10 विद्यार्थियों ने चिकित्सालय में रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की तथा अन्य लोगों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित किया। अंतिम चरण में महाविद्यालय में बी एव सी प्रमाण पत्र प्राप्त स्वयं सेवकों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। इसके उपरांत संगोष्ठी का आयोजन की गई जिसमें प्रभारी प्राचार्य एवं कार्यक्रम अधिकारी उमेश पाठक ने एनएसएस के उद्देश्यों और कार्यों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को राष्ट्र सेवा के लिए सदैव समर्पित रहने का आह्वान किया। आयोजन में सहायक प्राध्यापक राकेश गौतम, योगेश ध्रुव, एनएसएस सहायक अधिकारी अन्नपूर्णा शर्मा, कोमल मिश्रा, प्रिया राठौर, वसुमित्र शुक्ला तथा वरिष्ठ स्वयंसेवकों का विशेष योगदान रहा।



## खबर संक्षेप



### केवांछी में स्वच्छता अभियान, स्कूल के छात्रों और शिक्षकों ने सफाई की

**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला केवांछी में 'सेवा पखवाड़ा' के मौके पर एक स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में स्कूल के शिक्षकों और बच्चों ने मिलकर स्कूल परिसर की साफ-सफाई की। इसका उद्देश्य गाँव वालों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना था। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत केवांछी के सचिव गरीब दास चेलक, प्रधान पाठक कमलेश वर्मा, शिक्षक खेमसिंह बारले, संतोषी वर्मा और वाई रामलू सहित कई लोग मौजूद थे।

### निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए हरीश

**डोंगरगढ़।** मंडल साहू समाज अंडी का चुनाव गत दिनों संपन्न हुआ। अध्यक्ष हरीश साहू चुने गए। चुनाव के दौरान 8 ग्राम के समाजिक जन उपस्थित थे।निर्वाचन प्रक्रिया ब्लॉक साहू समाज के संरक्षक हेमंत साहू, कुलदीप साहू, कचरूराम हिरवानी की मौजूदगी में संपन्न हुई।निर्विरोध अध्यक्ष के रूप में हरीश साहू निर्वाचित हुए। उपाध्यक्ष दीपक साहू, प्रेम साहू, संगठन सचिव इंद्रकुमार साहू, पूर्णिमा साहू, सचिव हेमंत साहू, कोषाध्यक्ष जनकराम साहू निर्वाचित हुए।

## पेज 11 के शेष

### जिला स्वास्थ्य ...

दरवाजे बंद किए जाएंगे और सीएमएचओ तथा कलेक्टर का घेराव किया जाएगा। कर्मचारियों का कहना है कि अन्य ब्लॉकों के अधिकारी अक्सर मनमानी करते हैं और सीएमएचओ उनकी 'मेहरबानी' बरतते हैं, लेकिन डॉ. कुंजाम जैसे ईमानदार और कुशल अधिकारी को हटाना समझ से परे है। ब्लॉकवासियों में भी नाराजगी है। स्थानीय निवासी रेखा साहू कहती हैं, "डॉ. कुंजाम हमेशा मरीजों के लिए समय देते थे। उनके हटने से हम परेशान हैं। अगर स्वास्थ्य केंद्र बंद हुए, तो हम किससे मदद लेंगे?"
अश्वन जांगड़े ब्लॉक अध्यक्ष एसएसकेएस, संतोष साहू, जितेंद्र वर्मा, भरत लाल, रूपेंद्र वर्मा एवं समस्त बेरला ब्लॉक कर्मचारी ने ज्ञापन सौंपा हैं। विशेष सूत्रों का कहना है कि सीएमएचओ द्वारा डॉ. कुंजाम को हटाने का कारण प्रशासनिक सुधार बताया गया है, लेकिन कर्मचारियों का मानना है कि यह पूरी तरह से मनमानी है। ब्लॉक के डॉक्टरों और नर्सों ने स्पष्ट कर दिया है कि वे डॉ. कुंजाम के सम्मान और अपने अधिकारों की रक्षा के लिए सड़कों पर उतर सकते हैं।

## पंडालों में विराजीं मां जगदंबा



जन समूह दुर्गा उत्सव समिति अमलीपारा नारायणपुर।



नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति नारायणपुर हनुमान मंदिर।



नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति आबादी पारा नारायणपुर।



मां अम्बे समिति नारायणपुर।

### जयंती : जयंती पर भाजपा के पदाधिकारियों ने दी श्रद्धांजलि

# पं. दीनदयाल उपाध्याय की सोच अंतिम व्यक्ति के उत्थान को थी समर्पित : नरेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

जनसंघ के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती गुरुवार को सरदा मंडल के बारगांव में भाजपा के पदाधिकारियों द्वारा मनाई गई। भाजपा जिला महामंत्री नरेंद्र वर्मा व सरदा मंडल अध्यक्ष देवेंद्र वर्मा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया।

■ एकात्म मानववाद और अंत्योदय का सिद्धांत आज भी प्रासंगिक

भाजपा जिला महामंत्री नरेंद्र वर्मा ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानववाद और अंत्योदय का सिद्धांत आज भी प्रासंगिक है। पं. दीनदयाल उपाध्याय ने 60-70 वर्ष पहले विचारों के माध्यम से भारतीय राजनीति को जो जीवनदृष्टि दी। उनका चिंतन-मनन आज भी न केवल भारतीय लोकतंत्र, बल्कि



राजनीतिक दलों द्वारा प्रारंभ किए गए जो विभिन्न कार्यक्रमों में देखने को मिलता है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की सोच अंतिम व्यक्ति के उत्थान को समर्पित थी। उनका विजन समाज के अंतिम व्यक्ति की आश्यकताओं पर केंद्रित था। वह हमेशा समाज के वंचित वर्ग के उत्थान के बारे में काम करने की बात कहते थे। उनका मानना था कि अंतिम व्यक्ति का भी कल्याण हो। जिस व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है, उनका कल्याण हो और सामाजिक समानता स्थापित हो सके। आखिरी व्यक्ति का उत्थान ही पंडित दीन दयाल उपाध्याय का मंत्र था।

### जड़ों से कटकर विकास नहीं कर सकते: वर्मा

सरदा मंडल अध्यक्ष देवेंद्र वर्मा ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने अंत्योदय का नारा दिया था। अंत्योदय का अर्थ होता है कि हम समाज में सबसे आखिरी व्यक्ति के उत्थान और विकास को सुनिश्चित करें। पंडित दीनदयाल कहते थे कि कोई भी देश अपनी जड़ों से कटकर विकास नहीं कर सकता। हमें भारतीय राष्ट्रवाद, हिंदू राष्ट्रवाद और भारतीय संस्कृति को समझना होगा। दीनदयाल के इस विचार की वजह से ही उनकी जयंती 25 सितंबर को अंत्योदय दिवस के रूप में मनाते हैं। मोदी सरकार ने 25 सितंब, 2014 को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 98 वीं जयंती के अवसर पर ये घोषणा की थी कि उनकी जयंती को 'अंत्योदय दिवस' के रूप में मनाया जाएगा।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर भाजपा युवा जिला महामंत्री समीर वर्मा, बूथ अध्यक्ष लक्की देवांगन, विष्णु साहू, सनत चौधरी, लखन साहू, विजय पटेल, सागर यादव, राहुल साहू, ईश्वरी साहू सहित भाजपा के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## समर्पण ने किया स्कूलों में 20 ली के वॉटरकैन एवं चटाई का दान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विकासखंड में कार्यरत शिक्षिकाओं द्वारा बनाए गए समर्पण ग्रुप ने सदस्यों से एकत्र की गई राशि से बेमेतरा के विभिन्न स्कूलों में 20 लीटर वॉटर कैन एवं चार नग चटाई का दान किया । जिससे इन स्कूलों के बच्चों को पेयजल के उपयोग में सहजता एवं पेयजल की शुद्धता बनी रहे।

■ सदस्य शिक्षिकाओं ने राशि एकत्र कर विद्यार्थियों के

साथ ही साथ बच्चों के बैठने के लिए चटाई भी उपलब्ध कराई गई, जिससे जमीन पर ना बैठें । ये सामग्री दान स्वरूप दो स्कूलों शासकीय प्राथमिक शाला कन्तेली में शिक्षिका आंचल वर्मा व शासकीय प्राथमिक शाला हथमुडी में निरंजना ठाकुर द्वारा किया गया । उक्त अवसर पर शिक्षिका ज्योति चौबे, प्रधान पाठिका शीतल राजपूत एवं शिक्षिका प्रीति साहू एवं शिक्षक गितेश मिश्रा, शासकीय प्राथमिक शाला हथमुडी में प्रधान पाठिका प्रभा पटेल एवं संकुल स्त्रोत समन्वयक आकाश कुमार सोनी मौजूद रहे।

### अन्य जगहों पर भी करते हैं सहयोग

ज्ञात हो कि समर्पण ग्रुप के द्वारा पूर्व में भी जिला चिकित्सालय में सहयोग कार्य किया जा चुका है। समय-समय पर अन्य क्षेत्रों में भी समर्पण ग्रुप के सदस्यों ने अपना सहयोग प्रदान किया है

## रक्तदान शिविर में 25 यूनिट रक्त का किया गया संग्रह

**बेमेतरा।** स्वास्थ्य विभाग रजत महोत्सव, सेवा पखवाड़ा, सघन प्रचार प्रसार जागरुकता अभियान एवं स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान चलाया जा रहा है। जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में स्वास्थ्य सेवा से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 25 सितम्बर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेरला अंतर्गत सघन प्रचार प्रसार जागरुकता अभियान चलाकर एचआईवी/ एड्स, सिफलिश पर जानकारी साझा कर रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। रक्तदान शिविर सीएचसी बेरला द्वारा जिला एड्स नियंत्रण कार्यक्रम,शासकीय नवीन महाविद्यालय बेरला, राष्ट्रीय सेवा योजना, रेड क्रॉस सोसाइटी एवं रेड



रिबन के तत्वावधान में आयोजित किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर,सघन प्रचार प्रसार जागरुकता अभियान का सफल आयोजन किया गया है। जिसमें उपस्थित लोगों के बीच एच आई वी/एड्स, सिफलिश पर जानकारी देते हुए 25 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। रक्तदान शिविर कलेक्टर रणबीर शर्मा, सीएमएचओ डॉ. अमृत लाल रोहलेडर, सिविल सर्जन डॉ. लोकेश साहू के निर्देश, बीएमओ बेरला डॉ जितेन्द्र कुंजाम के मार्गदर्शन पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज प्राचार्य डॉ. प्रेमलता गौरे, एनएसएस प्रभारी युवराज पावले, रेड क्रॉस प्रभारी बी आर सिवारे, कॉलेज स्टाफ और छात्र-छात्राओं सहित अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला चिकित्सालय से पैथोलॉजिस्ट डॉ पी.आर. पोपटानी, विजय कुमार दौरे एम. एल. टी, भूपेंद्र कुर्रे एम. एल. टी., धंन्नू वर्मा एम. एल. टी.,श्रीमती कुलेश्वरी साहू ब्लड काउंसलर.,एच आई वी/ एड्स नियंत्रण कार्यक्रम से एस टी आईं परामर्शदाता विनेश्वर जायसवाल,राम चरण वाहन चालक मौजूद रहे। जिला अस्पताल बेमेतरा द्वारा सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र दिया गया।

## शिक्षकों ने बैजी स्कूल में कराया कन्याभोज

**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला बैजी में कार्यरत सभी शिक्षकों ने मिलकर बच्चों को कन्याभोज कराया और उपहार दिए। कक्षा में पढ़ने वाली सभी छात्राओं की पूजा अर्चना शिक्षकों ने की। पूजा पश्चात सभी बच्चों को खीर, पुरी, दाल, चावल, शब्जी, अचार, पापड़, सलाद आदि के साथ भोजन कराया गया। सभी कन्याओं को चुनरी एवं श्रृंगार सामान दिया गया। लड़कों को नैपकिन, रुमाल एवं पेन दी गई। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी बेमेतरा कामिनी महिलांग, संकुल केंद्र लोलेसरा के संकुल समन्वयक शत्रुघ्न साहू उपस्थित थे। उपहार सामग्रियों को विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने बच्चों को वितरित किया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी कामिनी महिलांग ने कार्यक्रम की काफी सराहना की। कार्यक्रम संस्था के प्रधान पाठक ईश्वरी प्रसाद घृतलहरे एवं सहायक शिक्षिका उनीशा सिंन्हा, भारती वर्मा, रसोइया राधा वर्मा, मंजू यादव सफाई कर्मचारी हरिश्चंद्र यादव

■ कन्याओं को चुनरी, श्रृंगार और लड़कों को रुमाल व पेन दिया



ग्राम पंचायत बैजी पंच विकास वर्मा एवं अन्य ग्रामीणजन, बीईओ कार्यालय के कर्मचारी डेविड कौशल, धर्मेंद्र यादव, डाइट बेमेतरा से आए छात्र अध्यापक खिलेश कोठारी, नीतीश वर्मा, जागेश्वर वर्मा, मनीष वर्मा, संगीता साहू, किरण साहू आदि ने कन्या भोज किया। कन्याभोज में छात्र अध्यापकों को भी उपहार दिया गया। किरण साहू एवं संगीता साहू को श्रृंगार सम्मान दिया गया। छात्र अध्यापक, छात्रों को रुमाल व पेन दिया गया। अंतिम में कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए सभी का संस्था प्रमुख ईश्वरी प्रसाद घृतलहरे ने

## एक दिन, एक घंटा और एक साथ जनभागीदारी से निखरी स्वच्छता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में "स्वच्छता ही सेवा" अभियान के तहत "एक दिन, एक घंटा, एक साथ" श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। इस पहल के अंतर्गत अमृत सरोवरों एवं सभी गांवों में सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। ग्रामीणों ने सामूहिक प्रयास से अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया।

ग्राम भीमपुरी, ग्राम पंचायत रजकुड़ी जनपद पंचायत बेमेतरा में




श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन विशेष रूप से किया गया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रीमती प्रेमलता मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। उनके साथ जिला एवं जनपद पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी, सरपंच-पंच तथा महिला स्व-सहायता समूह की सदस्याएं भी श्रमदान में शामिल हुईं। सभी ने मिलकर अमृत सरोवर व सार्वजनिक स्थलों की सफाई कर स्वच्छता का महत्व प्रदर्शित किया।

**स्वच्छता रैली, पेंटिंग व शपथ से जागरूकता का संचार**

श्रमदान के साथ-साथ गांव में स्वच्छता रैली का भी आयोजन किया गया जिसमें ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों के साथ बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। बच्चों ने हाथों में तख्तियां और नारे लेकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इसके अलावा विद्यार्थियों द्वारा स्वच्छता पर आधारित आकर्षक पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसने कार्यक्रम को और जीवंत बना दिया।

**स्वच्छता प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य:** अंत में सभी ने स्वच्छता शपथ लेकर व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से सफाई बनाए रखने का संकल्प लिया, कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। जब आमजन, जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी और विद्यार्थी सभी मिलकर श्रमदान करते हैं तो उसका प्रभाव गहरा और प्रेरणादायी होता है। अमृत सरोवरों की साफ-सफाई और गांवों के सार्वजनिक स्थलों का स्वच्छ होना "स्वच्छ भारत मिशन" को गति देने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**बेमेतरा, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**
**// ईश्तहार//**

रा.प्र.क्र. 202509230300038/309/
अ-2/ वर्ष 2024-25

एतद सर्वसाधारण ग्राम/नगर सिंघौरी तहसील बेमेतरा जिला बेमेतरा को सूचित किया जाता है कि आवेदक /आवेदिका तुकेश्वर प्रसाद वर्मा पिता बलदाऊ सिंह वर्मा निवासी खम्हरिया तहसील बेरला जिला बेमेतरा हालमुकाम समृद्धि विहार फरी तहसील व जिला बेमेतरा (छ.ग.) द्वारा ग्राम/नगर सिंघौरी प.ह.नं. 26 तहसील बेमेतरा जिला बेमेतरा में स्थित उनके नाम की भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 270/5, 270/9, 270/11, 270/31 रकबा क्रमशः 0.013, 0.017, 0.007, 0.006 हे. कुल खसरा 04 कुल रकबा 0.043 हे. भूमि को औद्योगिक प्रयोजनार्थ बाबत आवेदन पत्र, शपथ पत्र, बी-1, खसरा, स्टाम्प की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में किसी को कोई दावा आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 29.09.2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपात्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19.09.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
बेमेतरा, जिला-बेमेतरा

**समक्ष :- न्यायालय श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बेमेतरा, जिला - बेमेतरा (छ.ग.)**
**// शपथ पत्र //**

मैं शिवकुमार पिता ठंडू राम उम्र लग 53 वर्ष जाति तेली पेशा कृषि निवासी ग्राम केवांछी पोस्ट झाल तह. व जिला बेमेतरा छ.ग. का निवासी हूं जो कि शपथपूर्वक कथन करता हूं कि :-

1. यह कि मेरा विवरण उपरोक्तानुसार होकर मेरे शिवकुमार (SHIVKUMAR) का वास्तविक नाम शिवकुमार (SHIVKUMAR) पिता ठंडू राम (THANDU RAM ) है। जो मेरे नाम परिचय पत्र एवं अन्य समस्त दस्तावेज में दर्ज है।
2. यह कि मेरे नाम शिवा साहू (SHIVA SAHU ) के नाम पर जारी आधार कार्ड में मेरा नाम शिवा साहू (SHIVA SAHU ) दर्ज हो गया है।
3. यह कि इस शपथ पत्र के आधार पर मेरे नाम शिवकुमार (SHIVKUMAR ) व मेरे आधार कार्ड में मेरा वास्तविक व सहीं नाम शिवकुमार (SHIVKUMAR ) पिता ठंडू राम (THANDU RAM) लिखा पढ़ा एवं समझा जावे। इस हेतु भविष्य में होने वाले समस्त दायित्वो हेतु मै स्वंय जिम्मेदार रहूंगा ।
4. यह कि उक्त आशय का शपथ पत्र प्रस्तुत है ।

शपथकर्ता
शिवकुमार

**// सत्यापन //**

मैं शिवकुमार पिता ठंडू राम उम्र लग. 53 वर्ष जाति तेली पेशा कृषि निवासी ग्राम केवांछी पोस्ट झाल तह. व जिला बेमेतरा छ.ग. सत्यापित करता हूं कि शपथ पत्र कि कंडिका क्रमांक 01 से 03 तक कि सारी जानकारी सत्य व सही है जिसे आज दिनांक 24/9/2025 को पढ़कर, समझकर, अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

सत्यापनकर्ता
शिवकुमार

## सरदा स्कूल में 24 बालिकाओं को किया साइकिल का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरदा में सरकार द्वारा प्रदत निशुल्क सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत 24 पात्र छात्राओं को सरपंच ग्राम पंचायत सरदा गौरी बाई नेताम, जनपद पंचायत सदस्य प्रतिनिधि लालू साहू, सरपंच प्रतिनिधि विनोद नेताम, पंच हरीशचंद्र कौशले, बल्ला राम धीवर प्रभारी प्राचार्य लक्ष्मी नारायण गायकवाड़, प्रधानपाठक रामकुमार डड़सेना, शिक्षक जेपी यादव एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने मिठाई खिला एवं तिलक लगाकर साइकिल का वितरण किया गया। वितरण कार्यक्रम में सभी छात्राओं के पालक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पालक-शिक्षक बैठक का भी आयोजन किया गया। इस वर्ष का यह द्वितीय आयोजन था। जिसमें त्रैमासिक परीक्षा के पश्चात विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम की जानकारी पालकों को दी गई। बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रेरित करने को कहा गया।

■ मिठाई खिला एवं तिलक लगाकर बालिकाओं को दिया



### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में दिलीप साहू, कुमार सिन्हा, ईश्वर साहू, कमलेश साहू, सदाराम यादव, भिखारी राम साहू एवं शिक्षक रमाशंकर बंछोर, महेंद्र कुमार गौतम, दीपक कुमार साहू, ऐमन कुमार सोनवानी, अजीत कुमार वर्मा, खेमेंद्र कुमार चंद्राकर, सोमप्रभ श्रीवास, हितेंद्र कुमार पाटिल, रोमन लाल साहू, अमित कुमार साहू, कमलेश्वर साहू, कविता देवांगन, योगिता देवांगन, स्मिता सोनवानी, श्वेता साहू, देहुती रानी वर्मा, चंद्रप्रभा पाटिल, डोनी साहू, प्रियंका साहू एवं भक्तराज साहू की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# नवागढ़ में मेगा स्वास्थ्य शिविर, 244 महिलाओं का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

## स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान के तहत मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ में 'स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार' अभियान के तहत एक बड़ा स्वास्थ्य शिविर और महिला स्वास्थ्य सम्मेलन (स्वास्थ्य संगोष्ठी) आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम कलेक्टर बेमेतरा के निर्देश पर हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं की जाँच की गई और उन्हें स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई। स्वास्थ्य शिविर का नेतृत्व खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. एमएम रजा और बीपीएम सीके देवांगन ने किया। डॉ. स्वाति चौधरी, डॉ. सुजाता बनर्जी और डॉ. भोजराम चंद्राकर सहित अन्य डॉक्टरों ने मिलकर कुल 244 महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस दौरान 190 महिलाओं का हीमोग्लोबिन, 244 का रक्तचाप और मधुमेह की जाँच की गई। साथ ही, आयुर्वेद विभाग द्वारा 58 महिलाओं की जाँच कर दवाइयां भी दी गईं। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्टाफ नर्स ममता गेंडरे सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मियों और मितानिनों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान हुई रंगोली प्रतियोगिता के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन यूआर ध्रुवे ने किया और इसे सफल बनाने में स्वास्थ्य विभाग के कई कर्मचारियों ने अहम भूमिका निभाई।



### महिलाओं के स्वास्थ्य पर जोर

कार्यक्रम में डॉ. रजा ने कहा कि महिलाओं का स्वस्थ रहना पूरे परिवार और समाज के लिए बहुत जरूरी है। उन्होंने बताया कि इस शिविर का मकसद हर महिला तक स्वास्थ्य सेवा पहुँचाना और उन्हें नियमित जाँच के लिए प्रेरित करना है। नगर पंचायत उपाध्यक्ष सोम ठाकुर ने भी कहा कि महिलाओं को प्राथमिकता देना समाज की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है, क्योंकि उनका स्वास्थ्य पूरे समाज को स्वस्थ रखता है।

# 6 स्थानों पर विराजित देवी पंडाल में उमड़ी भक्तों की भीड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बारगांव

नवरात्रि पर्व को लेकर मटिया-बारगांव में भक्तिभाव का माहौल चरम पर है। मां दुर्गा के नौ रूपों की आराधना के इस पावन अवसर पर मटिया-बारगांव में 6 विभिन्न स्थानों पर मां जगत जननी की भव्य प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। सभी स्थानों पर पूरे विधि-विधान और धार्मिक परंपराओं के अनुसार पूजा-अर्चना हो रही है।

इस साल नवरात्रि में चतुर्थी तिथि दो दिन 25 और 26 सितंबर है। नवरात्रि 9 नहीं, 10 दिनों की है। दो दिन चतुर्थी तिथि होने से गुरुवार को देवी कुष्मांडा की पूजा की गई, साथ ही शुक्रवार को भी मां कुष्मांडा की पूजा होगी। ज्योतिष आचार्य बोसेन्द्र पांडेय ने बताया कि मान्यता है कि देवी कुष्मांडा को कुम्हड़ा (कद्दू) बहुत प्रिय है, इसलिए देवी को भोग में कद्दू के पेठे चढ़ाया गया। देवी कुष्मांडा संदेश देती हैं कि काम कितना भी मुश्किल हो, हमें मुस्कान के साथ उसका सामना करना चाहिए। मुस्कान के साथ ही सकारात्मक सोच के साथ बड़े-बड़े काम किए जा सकते हैं। सुबह और शाम को आरती के समय पंडालों में भारी भीड़ देखी जा रही है। पंडालों की भव्यता और आकर्षक सजावट लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है।

### अष्टभुजा स्वरूप धारी है देवी कुष्मांडा

देवी कुष्मांडा अष्टभुजा धारी है। इनके सात हाथों में कमंडलु, धनुष, बाण, कमल पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र और गदा शोभित हैं। आठवें हाथ में जपमाला है, जो सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली मानी जाती है। इनका वाहन सिंह है, जो शक्ति और साहस का प्रतीक है।

### कल होगी स्कन्दमाता की आराधना

पं. बोसेन्द्र पांडेय ने जानकारी देते हुए बताया कि 27 सितंबर शनिवार को स्कन्दमाता की आराधना की जाएगी। स्कंदमाता, माँ दुर्गा का नौ देवियों में से पाँचवाँ स्वरूप हैं, जो युद्ध के देवता कार्तिकेय (जिनका एक नाम स्कंद है) की माता हैं। वह कमल के आसन पर विराजमान होती हैं और उन्हें पद्मासना देवी भी कहते हैं। पीले रंग के वस्त्र धारण करके माँ स्कंदमाता की पूजा करनी चाहिए। उन्हें मौसमी फल केला या केले की खीर का भोग लगाया जाता है। उनकी पूजा करने से संतान संबंधी कष्ट दूर होते हैं, सुख-समृद्धि मिलती है और बुध ग्रह के बुरे प्रभाव कम होते हैं।

### अष्टमी के दिन देवी शीतला को लगाएं ये भोग

1. मीठे चावल - चावल को गुड़ और दूध में पकाकर प्रसाद तैयार करें। कहते हैं कि इससे स्वास्थ्य से जुड़ी मुश्किलें दूर होती हैं।
2. पूड़ी - गेहूं के आटे से बनी तली हुई पूड़ी बनाएं। माना जाता है कि इस भोग से जीवन में खुशहाली आती है।
3. हलवा - सूजी या आटे से बना मीठा हलवा तैयार करें। इस भोग से देवी का आशीर्वाद मिलता है।
4. गुलगुले - आटे और गुड़ से बने मीठे पकौड़े। कहा जाता है कि मां को गुलगुले चढ़ाने से सुख और शांति की प्राप्ति होती है।

**भोग लगाने से मिलता है लाभः** पंडित बोसेन्द्र पांडेय ने बताया कि देवी शीतला मां को ये दिव्य भोग अर्पित करने से वे प्रसन्न होती हैं और भक्तों को मनचाहा आशीर्वाद देती हैं। यह भी माना जाता है कि इन प्रसाद को खाने से सेहत अच्छी रहती है और धन में वृद्धि होती है। ऐसे में इस दिन मां को ये भोग प्रसाद के रूप में जरूर अर्पित करें।

## खबर संक्षेप

### विज्ञान संगोष्ठी में आत्मानंद नवागढ़ की साक्षी साहू प्रथम

**नवागढ़।** पीएम श्री सेजेस नवागढ़ की कक्षा 10वीं की छात्रा साक्षी साहू ने राष्ट्रीय विज्ञान संगोष्ठी सेमिनार में शानदार उपलब्धि हासिल की है। मंगलवार को शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवागढ़ में आयोजित विकासखण्ड स्तरीय प्रतियोगिता में साक्षी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके बाद बुधवार को शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमेतरा में हुई जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भी साक्षी ने पुनः पहला स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। अब साक्षी का चयन संभाग (जोनल) स्तर के लिए हुआ है। इस सफलता में विद्यालय के विज्ञान शिक्षकों का विशेष योगदान रहा। संस्था प्रमुख मालिक राम टण्डन व समस्त शिक्षकों ने साक्षी को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### नवागढ़ में कवि सम्मेलन कल

**नवागढ़।** मां महामाया की कृपा से नव दुर्गा उत्सव समिति रेस्ट हाउस शंकर नगर नवागढ़ के तत्वावधान में इस वर्ष सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रमों की श्रृंखला में कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति ने बताया कि यह कवि सम्मेलन 27 सितंबर की रात 8 बजे से शंकर नगर, नवागढ़ में आयोजित होगा। इस मंच का संचालन ओज कवि ईश्वर साहू 'आरा' (साजा) करेंगे, जबकि हास्य रस समन्वय की जिम्मेदारी मनोज श्रीवास्तव (नवागढ़) निभाएंगे। इस अवसर पर मंच पर देश और प्रदेश के ख्यातिलब्ध कवि-कलाकार श्रोताओं का मनोरंजन करेंगे। हास्य रस के लिए आचार्य सफर जौनपुरी (जौनपुर, उप्र.) और मनीराम साहू मितान (सिमगा, बलौदाबाजार) विशेष रूप से शामिल हो रहे हैं। गीतों की सरिता बहाने के लिए रमेश चोहान (नवागढ़) तथा गायत्री श्रीवास्तव अमिलाशा (कबीरधाम) अपनी प्रस्तुतियां देंगी। कार्यक्रम को लेकर नगरवासियों में खासा उत्साह है और आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं एवं साहित्य प्रेमियों से समय पर उपस्थित होकर कवि सम्मेलन का आनंद लेने की अपील की है।

### साहू समाज के परिक्षेत्र अध्यक्ष बने भानुराम



**बेमेतरा।** साहू समाज की परिक्षेत्र बैठक में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की घोषणा की गई। इस बैठक में सर्वसम्मति से अध्यक्ष भानु राम साहू चुने गए। वही उपाध्यक्ष सुशील साहू महिला उपाध्यक्ष पूर्णिमा बाई साहू,संगठन सचिव दिनेश साहू बनाए गए हैं। बैठक का आयोजन मां कर्मा भवन में किया गया था। इस दौरान आशा जताई गई कि नवनिर्वाचित पदाधिकारी समाज के विकास और उत्थान के लिए काम करेंगे। वही समाज के सदस्यों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के साथ मिलकर समाज के हित में काम करने का संकल्प लिया।

## मॉक ड्रिल : राज्य बाढ़ आपदा प्रबंधन द्वारा जिले मे किया गया राज्य स्तरीय मॉक ड्रिल का आयोजन

# जिला अस्पताल और शिवनाथ नदी में आपदा से बचाव का जीवंत प्रदर्शन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ राज्य बाढ़ आपदा प्रबंधन द्वारा गुरुवार को पूरे प्रदेश में आयोजित राज्य स्तरीय मॉक ड्रिल के तहत बेमेतरा जिले में दो जगहों पर आपदा राहत और बचाव कार्यों का जीवंत प्रदर्शन किया गया।

इसका उद्देश्य लोगों और प्रशासनिक अधिकारियों को आपदा की स्थिति से निपटने के लिए तैयार करना था। पहला मॉक ड्रिल जिला अस्पताल परिसर में आयोजित हुआ, जिसमें एक काल्पनिक स्थिति बनाई गई कि भारी बारिश से अस्पताल का भवन ढह गया है और उसमें 45 लोग दब गए हैं। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। जवानों ने वैज्ञानिक तरीकों का इस्तेमाल करते हुए रस्सियों और उपकरणों की मदद से तीसरी मंजिल पर फंसे लोगों को सुरक्षित नीचे उतारा। घायलों को घटनास्थल पर ही प्राथमिक उपचार दिया गया, जिसके बाद उन्हें एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया। गंभीर रूप से घायलों को हेलिकॉप्टर से बड़े अस्पतालों में रेफर किया गया। इस दौरान कलेक्टर रणवीर शर्मा और पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू सहित कई अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर ने मॉक ड्रिल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे अभ्यास हमें आपदा के समय मनोवैज्ञानिक रूप से तैयार करते हैं और जान बचाने के तरीकों के बारे में सिखाते हैं।

### शिवनाथ नदी के पुल पर बाढ़ बचाव का अभ्यास

दूसरा मॉक ड्रिल शिवनाथ नदी के टेमरी पुल पर किया गया। यहां बाढ़ की स्थिति का प्रदर्शन किया गया, जिसमें दो लोग नदी के तेज बहाव में फंस गए थे। एसडीआरएफ की टीम ने तुरंत नाव और रस्सियों का उपयोग कर दोनों लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। जवानों ने यह भी दिखाया कि अगर कोई व्यक्ति पानी में डूब जाए और बेहोश हो जाए, तो उसे सीपीआर देकर कैसे बचाया जा सकता है। इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य लोगों को यह संदेश देना था कि आपदा के समय घबराना नहीं चाहिए, बल्कि तुरंत बचाव दल को सूचित करना चाहिए। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने लोगों से बाढ़ वाले इलाकों में जोखिम न लेने की अपील की और कहा कि ऐसे अभ्यास से प्रशासन की तैयारियों को मजबूती मिलती है।

# सेवानिवृत्त और स्थानांतरित शिक्षकों को दी विदाई, सम्मान समारोह का किया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

बेरला ब्लॉक के संकुल केंद्र डंगनिया 'ब' में बुधवार को शिक्षकों के सम्मान में एक विदाई और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उन शिक्षकों को सम्मानित किया गया जो हाल ही में सेवानिवृत्त हुए हैं, जिनका प्रमोशन हुआ है या जिनका ट्रांसफर हुआ है। इस समारोह में सेवानिवृत्त शिक्षक प्रेमदास महिलांग, पदोन्नत हुए शिक्षक ईश्वर सिंह वर्मा और स्थानांतरित हुए शिक्षक मुकेश कुमार देवांगन तथा फिरोज कुमार जोशी को शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं, संकुल में नए आए शिक्षकों - ग्रीष्मा दिनेश, राधेश्याम ईसदा, रामस्वरूप साहू और लालाराम साहू - को पेन और डायरी देकर स्वागत किया गया।

**अधिकारियों ने शिक्षकों की भूमिका को सराहाः** कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डंगनिया 'ब' ग्राम पंचायत के सरपंच गणेश राम साहू और विशिष्ट अतिथि के रूप में उपसरपंच लेखराम साहू मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक एजुकेशन ऑफिसर जयप्रकाश करमाकर ने की। बीआरसीसी खोमलाल साहू ने सभी शिक्षकों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उनसे अपने कर्तव्यों को पूरी निष्ठा के साथ निभाने का आग्रह किया।

इस मौके पर स्थानांतरित हुए शिक्षक मुकेश कुमार देवांगन ने अपनी पुरानी संस्था के सेवाकाल को याद करते हुए भावुक हो गए और उन्होंने इस सम्मान के लिए अपने सहकर्मियों का आभार जताया। इस सफल आयोजन में संकुल समन्वयक राजा सिंह वर्मा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक और छात्र-छात्राएं मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन इकेश साहू ने किया और आभार प्रदर्शन ओमनारायण साहू ने किया।

# नमो युवा रन का आयोजन नशामुक्ति के लिए दौड़े युवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा ने राष्ट्रव्यापी 'सेवा पखवाड़ा' अभियान के तहत बेमेतरा में 'नमो युवा रन' का आयोजन किया। इस दौड़ का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशामुक्ति के प्रति जागरूक करना और उन्हें राष्ट्र निर्माण से जोड़ना था।

कृषि उपज मंडी से शुरू हुई इस दौड़ को विधायक दीपेश साहू ने सीटी बजाकर हरी झंडी दिखाई। 'नमो युवा रन' शहर के कई मुख्य चौराहों से होते हुए वापस मंडी में समाप्त हुई, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के बाद, विधायक साहू ने दौड़ में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। विधायक साहू ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह सिर्फ एक दौड़ नहीं, बल्कि एक बड़ा जागरूकता अभियान है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ और सशक्त युवा ही मजबूत भारत की नींव हैं। इस दौरान युवाओं ने नशा मुक्त भारत का संकल्प लिया और समाज को एक नई दिशा देने की प्रतिबद्धता दिखाई। इस कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष अजय साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष परमेश्वर वर्मा और कई अन्य भाजपा नेता, स्कूली छात्र-छात्राएं, और कार्यकर्ता मौजूद थे।



# 50 किमी की पदयात्रा में बेमेतरा के प्रतिनिधियों ने भी निभाई भागीदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पल्ले सृजनम संस्था द्वारा आयोजित 54वीं चिन्ना शोध यात्रा शिक्षा, नवाचार और ग्रामीण जीवन से जुड़ने का विशेष अवसर बनी। इस यात्रा में छत्तीसगढ़ के बेमेतरा से शिक्षा क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधि डॉ. अवधेश पटेल, नरेंद्र शर्मा और राजेश दीवान ने हिस्सा लिया।

- चिन्ना शोध यात्रा : नवाचार और ग्रामीण जीवन से जुड़ा अनूठा अनुभव ब्रिगेडियर पी. गणेशम के नेतृत्व में चल रही

यात्रा का नेतृत्व रिटायर्ड ब्रिगेडियर पी. गणेशम जी ने किया, जिन्हें सभी प्रतिभागी स्नेह से "बाबूजी" कहते हैं। गणेशम जी का जीवन स्वयं प्रेरणा है। सेना में रहते हुए उन्होंने युद्धक टैंक का निर्माण कर पेटेंट प्राप्त किया और राष्ट्रपति से विशिष्ट सेवा पदक पाया। वे भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के साथ भी कार्य कर चुके हैं। सेवानिवृत्ति के बाद उन्होंने किसानों और ग्रामीण नवाचारों को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। पिछले 20 वर्षों में वे 100 से अधिक नवोन्मेषकों को राष्ट्रपति पुरस्कार और तीन को पद्मश्री सम्मान दिलाने में सफल रहे। तीन दिवसीय इस यात्रा में प्रतिभागियों ने लगभग 50 किलोमीटर पैदल चलकर सात से आठ गांवों का भ्रमण किया। सुबह किसानों से खेतों में चर्चा, दिन में विद्यालयों में बच्चों से संवाद और शाम को ग्रास रूट इनोवेशन का ग्रामवासियों के समक्ष प्रस्तुति, रात को गांवों में रुकने का अनुभव प्रतिभागियों के लिए अविस्मरणीय रहा। भाषा की बाधाओं के बावजूद किसानों और बच्चों से भावनात्मक संवाद स्थापित हुआ।



### दस सीख मिलीः पटेल

शिक्षा से जुड़े प्रतिभागी डॉ. अवधेश पटेल ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि इस यात्रा से उन्हें दस अनमोल सीखें मिलीं कि शारीरिक क्षमता और आत्मबल में वृद्धि, हर परिस्थिति में ढलने की कला, किसानों के नवाचारों का प्रत्यक्ष अनुभव, बच्चों की जिज्ञासा से प्रेरणा, बाबूजी के व्यक्तित्व से गहरा प्रभाव, विभिन्न प्रतिभागियों से सीख, गांवों की प्रकृति से जुड़ाव, भूख और सादगी का एहसास तथा गांवों में समस्याओं के साथ-साथ समाधान खोजने का दृष्टिकोण। उन्होंने कहा कि "तीन दिन में हमने मिट्टी, पसीने और श्रम से जुड़ी जिंदगी को करीब से जिया। असली शिक्षा और नवाचार गांवों में ही बसते हैं। बाबूजी जैसे व्यक्तित्व से जुड़कर यह यात्रा जीवन भर यादगार रहेगी।"

# देवरबीजा में राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर विविध आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

10वां राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस देवरबीजा में उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. सरोज तिवारी, सरपंच हेमलाल देवांगन, फर्मासिस्ट राकेश कुमार यदु द्वारा धन्वन्तरी भगवान की पूजा अर्चना के साथ हुई।

इसके पश्चात एक घंटे का योगाभ्यास कर तन-मन को ऊर्जा से भर दिया। आयुर्वेद और प्रकृति के समन्वय को दर्शाते हुए पौधरोपण किया गया। जिसमें 35 औषधि पौधों का रोपण किया गया और इनके संरक्षण का संकल्प लिया गया। तत्पश्चात सुमन कन्या शाला के प्रधान पाठक, शिक्षक एवं छात्राओं के साथ रैली निकाली गई। जिसने हर दिन आयुर्वेद हर घर आयुर्वेद के नारे लगाते हुए ग्राम में भ्रमन किया गया। फिर पंचायत में आयुर्वेद विषय पर व्याख्यान और प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम किया गया। स्वस्थ जीवन के लिए आयुर्वेद को अपनाने का संकल्प लिया गया। इसी के साथ स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत स्कूली बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण, स्वर्ण प्राशन संस्कार, आयुष काढा वितरण, गर्भवती महिलाओं को मासानुमासिक आहार विहार की जानकारी जागरुकता शिविर, पाम्पलेट वितरण जैसे विभिन्न कार्यक्रम भायुर्वेद विभाग में पदस्थ चिकित्सा अधिकारी. डॉ. सरोज तिवारी व स्टाफ द्वारा किया जा रहा है। जिला आयुष अधिकारी बेमेतरा के मार्गदर्शन में सभी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।










